| | |
|---|---|
| 176. इब्नबतूता भारत में किसके शासनकाल में आया?<br>(a) बहलोल लोदी<br>(b) फिरोज तुगलक<br>(c) गयासुद्दीन तुगलक<br>(d) मोहम्मद-बिन-तुगलक | उत्तर- (d) व्याख्या - इब्नबतूता (1333-1347 ई.) मोरक्को मूल का अफ्रीकी यात्री था। वह सल्तनत काल में मोहम्मद-बिन-तुगलक के शासनकाल में (1325-1351 ई.) में भारत आया था। इसने रेहला नाम पुस्तक लिखी थी। |
| 177. निम्नलिखित में से किसने विलय की नीति नियोजित एवं क्रियान्वित की?<br>(a) लॉर्ड वेलेजली<br>(b) हेस्टिंग्स<br>(c) लॉर्ड डलहौजी<br>(d) लॉर्ड क्लाइव | उत्तर-(c) व्याख्या- लॉर्ड डलहौजी (1848-56 ई.) ने विलय की नीति नियोजित एवं क्रियान्वित की। इसने अवध के नवाब वाजिद अली शाह पर कुशासन का आरोप लगाकर 13 फरवरी, 1850 को उसका अंग्रेजी राज्य में विलय कर लिया। |
| 178. निम्नलिखित में से कौन अवध का ब्रिटिश रेजीडेण्ट था, जब अवध का ब्रिटिश साम्राज्य में विलय हुआ?<br>(a) जेम्स आउट्रम<br>(b) डब्ल्यू एच स्लीमैन<br>(c) बिशप आर हेबर<br>(d) जनरल लॉ | उत्तर- (a) व्याख्या - 1854 ई. में स्लीमैन के स्थान पर जेम्स आउट्रम को अवध का ब्रिटिश रेजीडेण्ड बनाया गया था। आउट्रम की रिपोर्ट को ही फरवरी, 1856 में अवध के अधिग्रहण का आधार बनाया गया था। |

Exam Hindi Official

| | |
|---|---|
| 179. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना के समय भारत का वायसराय कौन था?<br>(a) लॉर्ड रिपन<br>(b) लॉर्ड लिटन<br>(c) लॉर्ड कैनिंग<br>(d) लॉर्ड डफरिन | उत्तर- (d) व्याख्या- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 1885 ई. में हुई थी। इस समय भारत का वायसराय लॉर्ड डफरिन (1884-1888) था। उसने कांग्रेस का यह कहकर मजाक उड़ाया था कि यह सूक्ष्मदर्शी अल्पसंख्यकों की संस्था है। |
| 180. निम्नलिखित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशनों में से किसमें कांग्रेस का लक्ष्य पूर्ण स्वराज्य घोषित किया गया?<br>(a) लाहौर, 1929<br>(b) कराची<br>(c) दिल्ली<br>(d) बम्बई | उत्तर- (a) व्याख्या- लाहौर अधिवेशन, 1929 में सर्वप्रथम कांग्रेस का पूर्ण स्वराज्य का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इस अधिवेशन की अध्यक्षता जवाहरलाल नेहरू ने की थी। |

| | |
|---|---|
| 181. ऑल इण्डिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस के वर्ष 1920 में बम्बई में होने वाले प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता की थी।<br>(a) फिरोजशाह मेहता ने<br>(b) वी वी गिरि ने<br>(c) लाला लाजपत राय ने<br>(d) एन एम जोशी ने | उत्तर-(c) • व्याख्या- भारत में ट्रेड यूनियन कांग्रेस की स्थापना एन एम जोशी ने 31 अक्टूबर, 1920 को बम्बई में की थी। इसके प्रथम अध्यक्ष लाला लाजपत राय थे तथा उपाध्यक्ष जोसेफ बैपटिस्टा एवं महामन्त्री दीवान चमनलाल बजाज थे। |
| 182. बंगाल में ब्रिटेन की वस्तुओं के बहिष्कार का सुझाव सर्वप्रथम किसने दिया था ?<br>(a) अरविन्द घोष ने<br>(b) कृष्ण कुमार मित्र ने<br>(c) मोतीलाल घोष ने<br>(d) सतीश चन्द्र मुखर्जी ने | उत्तर-(b) व्याख्या - बंगाल विभाजन के प्रस्ताव के विरोध में बांग्ला पत्रिका संजीवनी के सम्पादक कृष्ण कुमार मित्र ने अपनी पत्रिका के 13 जुलाई, 1905 के अंक में सर्वप्रथम सुझाव दिया था कि लोगों को सारे ब्रिटिश माल का बहिष्कार करना चाहिए। |
| 183. निम्नलिखित में से कौन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में उदारवादियों से जुड़ा नहीं था?<br>(a) फिरोजशाह मेहता<br>(b) दादाभाई नौरोजी<br>(c) गोपाल कृष्ण गोखले<br>(d) लाला लाजपत राय | उत्तर- (d) व्याख्या– लाला लाजपत राय गरम दल के नेता थे। गरम दल के नेताओं में अन्य प्रमुख नाम बाल गंगाधर तिलक, विपिन चन्द्र पाल, अरविन्द घोष आदि थे। |

Exam Hindi Official

| | |
|---|---|
| 184. चौरी-चौरा की घटना के समय महात्मा गाँधी कहाँ थे?<br>(a) दिल्ली में<br>(b) कलकत्ता में<br>(c) चौरी-चौरा में<br>(d) बारदोली में | उत्तर-(b)व्याख्या-5 फरवरी, 1922 को गोरखपुर के निकट चौरी-चौरा की घटना हुई थी और गाँधीजी ने 12 फरवरी, 1922 को बारदोली में कांग्रेस वार्मिंग कमेटी की बैठक बुलाकर असहयोग आन्दोलनको कर दिया। |
| 185. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से सम्बन्धित निम्नलिखित घटनाओं को क्रमानुसार लगाएँ<br>1. 1929 का भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का लाहौर अधिवेशन<br>2. गाँधी - इर्विन समझौता<br>3. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का कराची अधिवेशन<br>4. राजगुरु की फाँसी 1931<br>कूट<br>(a) 1, 2, 4, 3 (b) 2, 1, 3, 4<br>(c) 4, 3, 2,1 (d) 1, 2, 3, 4 | उत्तर- (a)● व्याख्या -सही क्रम इस प्रकार है<br>1. 1929 का भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का लाहौर अधिवेशन (1929)<br>2. गाँधी- इर्विन समझौता (5 मार्च, 1931)<br>3. राजगुरु को फाँसी (23 मार्च, 1931)<br>4. कराची अधिवेशन (दिसम्बर, 1931) |

Exam Hindi Official

| | |
|---|---|
| 186. निम्नलिखित कथनों में से कौन चम्पारण सत्याग्रह के सम्बन्ध में सही नहीं है?<br>(a) यह किसानों से जुड़ा था<br>(b) इसे तिनकठिया प्रथा के विरुद्ध संचालित किया गया था।<br>(c) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद तथा जे बी कृपलानी ने इसमें एम के गाँधी को सहयोग दिया था<br>(d) यह प्रथम आन्दोलन था, जिसे एम के गाँधी ने सम्पूर्ण भारत के स्तर पर आरम्भ किया था। | उत्तर- (d) व्याख्या- चम्पारण सत्याग्रह मात्र चम्पारण तक ही सीमित था तथा रॉलेट एक्ट प्रथम आन्दोलन था, जिसे गाँधीजी ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रारम्भ किया था। |
| 187. निम्नलिखित में से किसने महात्मा गाँधी के खिलाफत आन्दोलन में भागीदारी की भर्त्सना की थी?<br>(a) मोहम्मद अली<br>(b) शौकत अली<br>(c) अबुल कलाम आजाद<br>(d) एम ए जिन्ना | उत्तर- (d) व्याख्या -एम ए जिन्ना ने महात्मा गाँधी की धार्मिक नेताओं द्वारा प्रारम्भ खिलाफत आन्दोलन में भागीदारी की भर्त्सना की थी, जबकि मौलाना मोहम्मद अली, शौकत अली, हसरत मोहानी खुद खिलाफत में गाँधीजी के प्रमुख सहयोगी थे। |
| 188. क्रान्तिकारी काल की निम्नलिखित लोकप्रिय पत्रिकाओं में से कौन अनेक कारणों से कांग्रेस की आलोचना करती थी?<br>(a) बंगवासी<br>(b) काल<br>(c) केसरी<br>(d) ये सभी | उत्तर- (d) व्याख्या- उपरोक्त सभी पत्रिकाओं द्वारा अनेक कारणों से कांग्रेस की आलोचना की जाती थी। |

| | |
|---|---|
| 189. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सुमेलित नहीं है?<br>(a) राजा राममोहन राय — ब्रह्म समाज<br>(b) स्वामी दयानन्द सरस्वती — आर्य समाज<br>(c) स्वामी विवेकानन्द — रामकृष्ण मिशन<br>(d) महादेव गोविन्द रानाडे — थियोसोफिकल सोसायटी | उत्तर-(d)व्याख्या-थियोसोफिकल सोसायटी की स्थापना 1875 ई. में मैडम ब्लावत्सकी तथा कर्नल आल्कॉट ने न्यूयॉर्क में की। |
| 190. निम्नलिखित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन में सुभाषचन्द्र बोस दूसरी बार अध्यक्ष चुने गए थे?<br>(a) हरिपुरा अधिवेशन<br>(b) मद्रास अधिवेशन<br>(c) त्रिपुरी अधिवेशन<br>(d) कलकत्ता अधिवेशन | उत्तर-(c) (c) केसरी- वर्ष 1938 में कांग्रेस के हरिपुरा (गुजरात) अधिवेशन में सुभाषचन्द्र बोस कांग्रेस के पहली बार अध्यक्ष (निर्विरोध) बने थे। वर्ष 1939 के त्रिपुरी अधिवेशन में वे सीतारमैया को पराजित कर कांग्रेस के दूसरी बार अध्यक्ष बने। |
| 191. कस्तूरबा गाँधी एवं महादेव देसाई की समाधियाँ किस परिसर में स्थित है ?<br>(a) आगा खाँ पैलेस, पूना (b) यरवदा जेल<br>(c) अहमदनगर फोर्ट जेल (d) अलीपुर सेण्ट्रल जेल | उत्तर- (a) > व्याख्या- कस्तूरबा गाँधी एवं महात्मा गाँधी के राजनीतिक सचिव महादेव देसाई की समाधियाँ पूना स्थित आगा खाँ पैलेस में स्थित हैं। |

Exam Hindi Official

| | |
|---|---|
| 192. स्प्रिंगिंग टाइगर पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई थी?<br><br>(a) ह्यूष तोये<br>(b) लुई फिशर<br>(c) वेब मिलर<br>(d) इनमें से कोई नहीं | उत्तर- (a)व्याख्या - स्प्रिंगिंग टाइगर ह्यूघ तोये के द्वारा लिखी गई है। यह किताब सुभाषचन्द्र बोस की जीवनी है। |
| 193. 'हरिजन सेवक संघ' के संस्थापक अध्यक्ष कौन थे?<br><br>(a) जी डी बिड़ला (c) महात्मा गाँधी<br>(b) जे बी कृपलानी (d) विनोबा भावे | उत्तर- (a) • व्याख्या - जी डी बिड़ला |
| 194. 1857 के निम्नलिखित क्रान्तिकारियों में से किसका वास्तविक नाम 'रामचन्द्र पाण्डुरंग' था ?<br><br>(a) कुँवर सिंह<br>(b) ताँत्या टोपे<br>(c) नाना साहेब<br>(d) मंगल पाण्डे | उत्तर-(b) व्याख्या- -ताँत्या टोपे को रामचन्द्र पाण्डुरंग के नाम से भी जाना जाता है। वे 1857 ई. के भारतीय विद्रोह के प्रमुख नेता थे। इनका जन्म महाराष्ट्र में येओल गाँव में हुआ था। 1851 ई. में जब डलहौजी ने नाना साहब को उनके पिता की पेंशन से वंचित कर दिया, उधर |

Exam Hindi Official

| | |
|---|---|
| | ताँत्या टोपे पहले से ही ब्रिटिशों को अपना शत्रु मान चुके थे, दोनों ने मिलकर कानपुर में ईस्ट इण्डिया कम्पनी की भारतीय टुकड़ियों को जीतकर नाना साहब के आधिपत्य को स्थापित किया और स्वयं सेना के कमाण्डर इन चीफ बन गए। |
| 195. निम्नलिखित में से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में सुभाषचन्द्र बोस ने पट्टाभि सीतारमैया को पराजित किया था?<br>(a) हरिपुरा अधिवेशन, 1938 (b) त्रिपुरी अधिवेशन, 1939<br>(c) लाहौर अधिवेशन, 1929 (d) मद्रास अधिवेशन, 1927 | उत्तर - (b) व्याख्या- वर्ष 1939 के त्रिपुरी कांग्रेस के वार्षिक अधिवेशन में सुभाषचन्द्र बोस दूसरी बार अध्यक्ष पद के उम्मीदवार बने। वे गाँधीजी के पसन्द के उम्मीदवार पट्टाभि सीतारमैया को परास्त कर दूसरी बार अध्यक्ष चुन लिए गए। गाँधीजी ने पट्टाभि सीतारमैया की हार को अपनी हार बताया। अन्ततः सुभाषचन्द्र बोस ने अप्रैल, 1939 को कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को सुभाष की जगह नया कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया। |

Exam Hindi Official

| | |
|---|---|
| 196. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सही सुमेलित है?<br><br>(a) डी पी मिश्र -- लिविंग एन एरा<br>(b) जवाहरलाल नेहरू - इण्डिया डिवाइडेड<br>(c) राजेन्द्र प्रसाद - भारत की खोज<br>(d) सुभाष चन्द्र बोस- फ्रीडम ऐट् मिडनाइट | उत्तर- (a) व्याख्या<br><br>(a) डी पी मिश्र --लिविंग एन एरा<br>जवाहरलाल नेहरू- भारत की खोज<br>राजेन्द्र प्रसाद - इण्डिया डिवाइडेड<br>सुभाषचन्द्र बोस- इण्डियाज स्ट्रगल एगेन्स्ट एम्पायर` |
| 197. निम्नलिखित में से किसने 1872 ई. में नेटिव मैरिज एक्ट को पारित कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी?<br><br>(a) देवेन्द्रनाथ टैगोर<br>(c) केशवचन्द्र सेन<br>(b) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर<br>(d) श्यामचन्द्र दास | उत्तर-(c)· व्याख्या- केशवचन्द्र सेन ने 1872 ई. के नैटिव मैरिज एक्ट को पारित कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस एक्ट से लड़कियों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 14 वर्ष तथा लड़कों के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई थी। इसे ब्रहम विवाह अधिनियम भी कहा जाता है। |

| | |
|---|---|
| 198. बेरोजगारों के सहायतार्थ, दिल्ली के निम्नलिखित सुल्तानों में से किसने 'रोजगार कार्यालय' की स्थापना की थी?<br>(a) बलबन ने<br>(b) अलाउद्दीन खिलजी ने<br>(c) मोहम्मदन-बिन-तुगलक ने<br>(d) फिरोज शाह तुगलक ने | उत्तर- (d) व्याख्या- फिरोज शाह तुगलक ने सामान्य लोगों की भलाई के लिए कुछ उपकार के कार्य किए। नियुक्ति के लिए एक दफ्तर (रोजगार दफ्तर) खोलकर तथा प्रत्येक मनुष्य के गुण एवं योग्यता की पूरी जाँच-पड़ताल के बाद यथासम्भव अधिक-से-अधिक लोगों को नियुक्ति देकर उसने बेकारी की समस्या को हल करने का प्रयास किया। |
| 199. निम्नलिखित मध्ययुगीन शासकों में से कौन एक उच्च शिक्षित था?<br>(a) बलबन<br>(b) अलाउद्दीन खिलजी<br>(c) इब्राहिम लोदी<br>(d) शेरशाह | उत्तर-(c) व्याख्या - सुल्तान इब्राहिम लोदी एक योग्य, परिश्रमी, चरित्रवान, न्यायप्रिय, उच्च शिक्षित और प्रजा की भलाई चाहने वाला सुल्तान था। इस दृष्टि से वह अपने पिता और पितामह से किसी भी तरह कम न था तथा उसकी प्रजा प्रसन्न, सुखी और समृद्धशाली थी। वह अत्यधिक साहसी, कट्टर सैनिक और कुशल सेनापति था। 12 अप्रैल, 1526 को बाबर और इब्राहिम के मध्य पानीपत का प्रथम युद्ध हुआ। इब्राहिम ने साहस और बहादुरी से युद्ध किया, परन्तु बाबर के |

Exam Hindi Official

| | |
|---|---|
| | योग्य सेनापतित्व, श्रेष्ठ युद्ध नीति और तोपखाने के कारण इब्राहिम की पराजय हुई और वह युद्ध स्थल पर मारा गया। |
| 200. मुस्लिम लीग द्वारा निम्नलिखित में से किस तिथि को 'सीधी कार्यवाही दिवस' के रूप में निश्चित किया गया था?<br>(a) 15 अगस्त, 1946<br>(b) 16 अगस्त, 1946<br>(c) 17 अगस्त, 1946<br>(d) 18 अगस्त, 1946 | उत्तर-(b) व्याख्या- 16 अगस्त, 1946 को मुस्लिम लीग ने सीधी कार्यवाही दिवस की शुरूआत कर दी, लीग की इस कार्यवाही का उद्देश्य साम्प्रदायिक दंगे फैलाना तथा आतंक का माहौल बनाकर यह सिद्ध करना था कि हिन्दू-मुसलमान एक साथ नहीं रह सकते। प्रत्यक्ष कार्यवाही के दौरान कलकत्ता विभत्स हिंसा की क्रीड़ा स्थली बन गया, हजारों की संख्या में हिन्दू लूटे और मारे गए, बदले में बिहार में मुसलमानों पर अत्याचार हुआ। |


Please Subscribe us and like share and comments

For downloads pdf visit: https://www.examhindiofficial.com

Thanks you